# अक्तूबर माह में 16,000 कंपनियों का गठन हुआ

नई दिल्ली | एजेंसी

भारत में अक्टूबर में 16,000 से अधिक नई कंपनियों का गठन हुआ जो लगभग सितंबर के स्तर पर है। यह जानकारी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों से पता चली है। नए व्यवसायों के मासिक समावेश से पता चलता है कि उद्यमिता इस साल की शुरुआत में देश में महामारी की दूसरी लहर से पहले देखे गए स्तरों पर वापस आ गई है।

अक्टूबर में स्थापित कंपनियों की कुल संख्या 16,083 रही जो सितंबर में 16,570 नए पंजीकरण के स्तर के करीब थी। मार्च 2021 में पंजीकृत नई कंपनियों की संख्या 17,324 के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद देश में महामारी की विनाशकारी दूसरी लहर के बाद यह स्तर कम हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक नई कंपनियां दर्ज की गई यहां 2,957 पंजीकरण दर्ज हुए। इसके बाद दिल्ली में 1,677 पंजीकरण हुए और उत्तर प्रदेश में 1,621 पंजीकरण हुए।

नई कंपनियों का समावेश निवेश की मंशा को दर्शाता है। एक महीने में स्थापित सभी कंपनियों में से आधे से अधिक सेवा क्षेत्र में हैं। विनिर्माण क्षेत्र में 21% व कृषि का 7% हिस्सा है। रिजर्व बैंक के मुताबिक वित्तवर्ष 22 में 9.5% की दर से बढ़ सकती है।